Page Three

Classified

Adds can be booked under these Categories : (all day publication)

Recruitment
Property
Business Opportunity
Vehicles
Announcements
Antiques & Collectables
Barter
Books
Computers
Domain Names
Education
Miscellaneous
Entertainment & Event
Hobbies & Interests
Services
Jewellery & Watches
Music
Obituary
Pets & Animals
Retail
Sales & Bargains
Health & Sports
Travel

Matrimonial (Sunday Only)



अब मात्र रु. 20 प्रति शब्द



# पकड़े गए गुलदार को जंगल में छोड़े जाने पर ग्रमीणों में आक्रोश

**रोष**

## घास काटने गयी महिला पर गुलदार का हमला मौके पर हुई मौत

- ग्रमीणों ने बेरीनाग वन महकमें की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाने किये शुरू
- वन महकमें के खिलाफ मोर्चा खोलने की दी चेतावनी

**निर्मल भट्ट। विशेष रिपोर्ट**



पिथौरागढ़। अभी नहीं थमा है चंडाक रोड मे गुलदार का कहर। एक बार फिर बाघ ने चंडाक रोड पर खड़ी गली जेल रोड पर जंगल मे घास काटने गई पपदेव निवासी श्रीमती बसंती देवी उम्र 38 साल की एक महिला को गुलदार ने मौत के घाट उतार दिया।

वहीं बेरीनाग में वन महकमें के द्वारा पकड़े गये गुलदार को बिना आदमखोर घोषित किये बिना जंगल में छोड़े जाने पर गांव के ग्रमीणों ने खासी नाराजगी जाहिर की है। बता दें कि बेरीनाग के भट्टीगांव में बीते एक सप्ताह पूर्व गुलदार ने सात साल की बालिका हिमानी पर हमला कर उसे मौत के घाट उतार दिया था। नाराज भट्टी गांव के ग्रमीणों ने वन महकमें की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए बेरीनाग तहसी के कार्यालय में अपने परिवार को साथ लेकर धरना प्रदर्शन कर दिया है। नाराज गांव के ग्रमीणों का कहना है कि क्षेत्र के वन महकमें ने पकडे गये गुलदार की बिना स्वास्थ जांच कराये उसे बिना आदमखोर घोषित किये जंगल में वैसे ही छोड दिया। अगर यह गुलदार आदमखोर हुआ तो यदि क्षेत्र में गुलदार द्वारा अगर किसी को नुकसान पहुंचाया जाता है तो इसकी जिम्मेदारी वन महकमें की होगी।

क्षेत्र के ग्रमीणों ने वन महकमें की इस लापरवाही पर खासा आक्रोश जताते हुए वन महकमें के खिलाफ मोर्चा खोलने की चेतावनी दे डाली है। क्षेत्र में लगातार बढ़ रही गुलदार की सक्रियता के कारण क्षेत्र के लोग दहशत के साये में रात बिताने को मजबूर हो रहे है।

गांव के ग्रमीणों ने वन महकमें को हर हाल में गुलदार की बढ़ रही सकियता पर ग्रमीणों की सुरक्षा बढ़ाये जाने की मांग की है। इस बारे में बेरीनाग वन महकमें के वन रेंजर चंद्रा महरा ने कहा कि भट्टीगांव में वन कर्मियों की गश्त बढ़ायी जा रही है।

## न्यूज डायरी

### एसडीआरएफ रक्षक अवेर्नेश दल को हरी झंडी दिखा कर गन्तव्य को किया रवाना

**संवाददाता** देहरादून। एसडीआरएफ की सेनानायक तृप्ति भट्ट ने एसडीआरएफ रक्षक अवेर्नेश दल को हरी झंडी दिखा कर गन्तव्य को रवाना किया। इस अवसर पर बताया गया कि एसडीआरएफ रक्षक अवेर्नेश दल एक 2 चौपहिया वाहन सहित 10 बाइक सवार दस्ता है जिसका उद्देश्य देहरादून शहर के भीतरी इलाकों तक जन समुदाय तक कोविड 19 से बचाव सम्बन्धी जानकारियों को पहुंचाना है। इस दस्ते के प्रत्येक वाहन में एक इलेक्ट्रॉनिक वाइस सिस्टम लगाया गया है जिसमें कोविड 19 एवम ट्रैफिक सम्बंधित बातों को वॉइस कैप्सूल क्लिप को बेहद रोचक एवं आकर्षक तरीकों से प्रस्तुत किया गया है, जहां चौपहिया वाहन भीड़–भाड़ वाले स्थानों पर लाउडस्पीकर के माध्यम से स्लोगन एवम कैप्सूल वॉइस नाटक को जन समुदाय तक पहुंचाएंगे।

### पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के बयान की कठोर निंदा की

**संवाददाता** देहरादून। मानवाधिकार एवं सामाजिक न्याय संगठन के चेयरमैन सचिन जैन ने जम्मू कश्मीर के पूर्व मुख्यमंत्री फारूक अब्दुल्ला के अनुच्छेद 370 धारा 35 ए पर जारी बयान पर कठोर शब्दों में निंदा की है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि अपने विचार रखते हुए कहा कि फारूक अब्दुल्ला द्वारा दिया गया यह बयान अत्यंत निंदनीय है अशोभनीय है जो राष्ट्र हित में ना होकर राष्ट्र हित के विरुद्ध है जिसमें यह राजनेता अपने राजनीतिक स्वार्थ को लेकर जनता को उल्लू बना कर अपना राजनीतिक फायदा देख रहे है यह सरासर गलत है।

### एयरटेल के डीटीएच प्लेटफॉर्म पर अब प्रीमियम एजुकेशन कंटेंट भी होगा उपलब्ध

**संवाददाता** देहरादून। भारती एयरटेल (एयरटेल) की डीटीएच शाखा एयरटेल डिजिटल टीवी और प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कराने वाले अग्रणी संस्थान आकाश एजुकेशनल सर्विसेज लिमिटेड (आकाश) ने आज मेडिकल और इंजीनियरिंग कीप्रवेश परीक्षाओं की तैयारी के लिए समर्पित भारत के पहले टीवी चौनल लॉन्च किए। एयरटेल डिजिटल टीवी पर विशेष रूप से उपलब्ध आकाश एडू टीवी पूरे भारत में उन छात्रों को उच्च गुणवत्ता वाले कोचिंग सत्र प्रदान करेगा, जो जेईईध एडवांस्ड और नीट जैसी प्रवेश परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। आकाश की बेस्ट–इन–क्लास फैकल्टी छात्रों को लाइव इंटरेक्टिव कक्षाओं के माध्यम से पढ़ाएगी और छात्रों को की–कंसेप्ट सीखने और समस्याओं को हल करने में मदद करेगी। इस चैनल के प्रति महीने 247 रुपये देने होंगे।

## राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के कार्यकर्ताओं ने फूंका पुतला



**संवाददाता** देहरादून। राष्ट्रीय उत्तराखंड पार्टी के अध्यक्ष पर हमले के आरोपियों को गिरफ्तार ने किये जाने के विरोध में कार्यकर्ताओं ने असामाजिक तत्व व पुलिस की मिलीभगत के विरोध में पुतला फूंक कर अपना आक्रोश व्यक्त किया। यहां पार्टी के कार्यकर्ता हरिद्वार रोड स्थित पार्टी के कार्यालय में इकटठा हुए और हरिद्वार रोड पर पहुंचे और वहा पर प्रदर्शन कर पुतला फूंका। पार्टी के अध्यक्ष नवनीत गुसांई ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में घुसकर लाठी–डंडों व हथियारों से लैस होकर 10–12 असामाजिक तथ्वों ने उन पर हमला कर दिया जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई बहुत देर बाद चीता पुलिस के आने पर यह कहकर वापस चली गई ऐसा तो होता रहता है और जब पार्टी के कार्यकर्ताओं को पता लगा तो सभी लोग शिकायत करने कोतवाली गए वहां पर कोतवाल द्वारा प्रार्थना पत्र रखकर वहां से भगा दिया।

## अपर जिलाधिकारी ने कोविड सैंटर का निरीक्षण कर जाना हाल

- जीएमवीएन प्रबंधक को दिये नियमित साफ सफाई के निर्देश
- कोविड पाजिटिव लोगों का हाल चाल जाना, संतुलित भोजन के दिये निर्देश

**संवाददाता** पुरोला। अपर जिला अधिकारी तिरथपाल सिंह ने बुधवार को कोविड सैंटर पुरोला मे लोगों का हालचाल जाना साथ ही सेंटर प्रबंधक व चिकित्सकों से पॉजिटिव लोगों में सुधार के बारे में जानकारी ली।

अपर जिलाधिकारी तिरथपाल सिंह ने बुधवार को पुरोला का भ्रमण कर गढवाल मंडल विकास निगम रेस्ट हाउस में कोविड सैंटर का ओचक निरीक्षण कर जंहा सैंटर प्रभारी डा0 आभा विजल्वाण से सैंटर में भर्ती कोविड पाजिटिव लोगों का हाल चाल,भोजन, साफ सफाई,दवाईयों की व्यवस्था समेत रोगियों में सुधार के बारे में जानकारी ली वहीं जीएमवीएन के प्रबंधक राकेश बंधानी को कोविड सेंटर में नियमित सेनिटाइजर करनें व साफ सफाई की व्यवस्था करनें कोविड पाजिटिव लोगों को संतुलित भोजन,दवाईयां समय पर देने के सख्त निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी ने कोविड सेंटर प्रभारी डा0 आभा विजल्वाण से सेंटर में भर्ती कोविड पाजिटिव के स्वास्थ्य में हो रहे सुधारों के बारें में भी जानकारी लेकर साफ सफाई व नियमित सेनिटाईजर छिडकाव अपनी निगरानी में करनें के निर्देश दिये।

एडीएम तिरथपाल सिंह ने उपजिलाधिकारी सोहन सिंह सैनी व कोविड मजिस्ट्रेट अवधेश विजल्वाण से प्रतिदिन क्षेत्र में हो रहे कोविड सैंपलिंग के बारे में भी चर्चा कर जानकारी ली।

## डायट डीएलएड प्रशिक्षितों का नियुक्ति की मांग को लेकर धरना

**शिक्षा निदेशालय में धरना प्रदर्शन 17वें दिन जारी रहा, जमकर हुई नारेबाजी**

**संवाददाता**

देहरादून। डायट डीएलएड प्रशिक्षितों का नियुक्ति की मांग को लेकर शिक्षा निदेशालय में धरना प्रदर्शन 17वें दिन जारी रहा और इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। ननूरखेडा स्थित शिक्षा निदेशालय में प्रशिक्षित बेरोजगारों का धरना व प्रदर्शन जारी रहा और इस दौरान जमकर नारेबाजी की गई। इस बीच प्रशिक्षितों का प्रतिनिधिमंडल शिक्षा निदेशक, अपर निदेशक, प्रारंभिक शिक्षा से मिला लेकिन इस दिशा में कोई ठोस कार्यवाही अभी तक नहीं की गई है।

प्रशिक्षितों ने कहा कि साथ ही साथ शिक्षा मंत्री अरविंद पांडे से बारं बार वार्ता के उपरांत मात्र आश्वासन ही मिला है जबकि धरातल पर कुछ नहीं हुआ है। प्रशिक्षितों ने कहा कि न जाने शिक्षा विभाग प्राथमिक शिक्षा के प्रति इतना उदासीन क्यों है जबकि आरटीई के मानक के अनुसार प्राथमिक विद्यालयों में सहायक अध्यापक के 2491 पद रिक्त हैं जो कि सूचना के अधिकार के तहत विभाग ने प्रस्तुत किया है।

प्रशिक्षितों ने कहा है कि पिछले 9 माह से हम नियुक्ति की मांग को लगातार शिक्षा मंत्री एवं संबंधित अधिकारियों से विभिन्न दौर की वार्ता कर चुके हैं जिस पर संतोषजनक कार्यवाही नहीं की गई है फलस्वरुप प्रशिक्षितों का भविष्य अधर में लटक गया है प्रशिक्षितों ने कहा कि यदि अब भी उनकी नियुक्ति के संबंध में कोई कार्यवाही नहीं की गई तो उत्तराखंड के जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान से सत्र 2017–19 के समस्त डीएलएड प्रशिक्षित देहरादून में एकत्र होंगे और नियुक्ति के लिए में उग्र आंदोलन करेंगे। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी अमित मैन्दोली ने कहा है कि जल्द ही आर पार के आंदोलन के लिए रणनीति तैयार की जायेगी।

इस अवसर पर धरने व प्रदर्शन करने वालों में संयोजक रंजीत असवाल, संजय , संदीप, अमित, अनूप, अंकुश, गंभीर रावत, गुरु प्रसाद, प्रमोद, मानवेंद्र, नीतीश चमोली सहित अन्य प्रशिक्षित मौजूद रहे।

## सीनियर खिलाड़ियों व अंडर 23 ट्रायल को विस्तार से की चर्चा

**संवाददाता** देहरादून। पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन चमोली जिले की बेठक का आयोजन किया गया और जिसकी अध्यक्षता पर्वतीय क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक सुरेन्द्र सिंह बिष्ट द्वारा किया गया। बैठक में सीनियर खिलाडियों के 16 अक्टूबर से होने वाले ट्रायल एवं अंडर 23 के ट्रायल पर विस्तार से चर्चा की गई।

बैठक के बाद जानकारी देते हुए एसोसिएशन के जिला सचिव व कोच नरेन्द्र शाह ने बताया कि बैठक का मुख्य एजेंडा 16 अक्टूबर से शुरू होने वाले सीनियर खिलाड़ियों और अंडर 23 खिलाड़ियों के ट्रायल के बारे में जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि कोरोना वायरस कोविड 19 की वजह से हिदायत दी गई और सरकार द्वारा जारी की गई गाइड लाइन का पूर्ण रूप से पालन किया जायेगा। उन्होंने कहा कि खिलाडियों को अपने प्रमाण पत्रों के साथ ही साथ मॉस्क व सैनिटाइजर को भी साथ में अनिवार्य रूप से लाना होगा। इस अवसर पर बैठक में सचिव नरेंद्र शाह कोषाध्यक्ष सुरेन्द्र लाल शाह, मोहन सिंह नैगी, बिक्रम रावत, प्रदीप भंडारी, नवीन गुसाई प्रियांशु आदि मौजूद थे।